# राजस्थान सरकार
# परिवहन विभाग

क्रमांक :– एफ.6 (221) / परि / कर / मु. / 2003 / 50 जयपुर, दिनांक :– 5/1/16

## कार्यालय आदेश 01 / 2016

### विषय :– बकाया करों की वसूली।

विभाग में मंजिली / संविदा वाहनों पर बकाया विशेष पथकर की राशि में प्रतिवर्ष वृद्धि हो रही है, जो बढ़कर दिनांक 01.04.2015 को 67.11 करोड़ रूपये हो गई है (विवरण संलग्न है), इसी प्रकार यह भी पाया गया है कि ऐसे परिवहन यान जिन पर एकमुश्त कर आरोपित किया गया है द्वारा भी उन पर देय एकमुश्त करों का नियमित भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में भी पूर्व में दिनांक 27.11.2015 को कार्यालय आदेश 38 / 2015 जारी किया गया है जिस पर भी कार्यवाही अपेक्षित है। यदि किसी कराधान अधिकारी ने रेड़ ऐन्ट्री का वर्षवार ब्योरा तैयार नहीं किया है तो यह उसके स्तर पर घोर लापरवाही का परिचायक है। ऐसे कराधान अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि पुरानी मांग का वर्षवार ब्यौरा तैयार कर मांग संग्रह पंजिका में प्रविष्ट करावें एवं अनुपालना रिपोर्ट दिनांक 31.01.2016 तक आवश्यक रूप से इस शाखा को भिजवायें।

उपरोक्त संबंध में यह भी स्पष्ट किया जाता है कि बकायात के जिन प्रकरणों में वाहनो के खुर्दबुर्द होने के कारण वसूली नहीं हो पा रही है, उनमें राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 के तहत वसूली कार्यवाही प्रभावी की जानी है। ज्ञातव्य है कि भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 10 सह पठित राजस्थान भू–राजस्व (भूगतान, क्रेडिट्स, रिफन्ड एवं वसूली) नियम 1958 के अन्तर्गत जिला परिवहन अधिकारी को राजस्थान मोटर वाहन कराधान अधिनियम में बकाया वसूली के लिए अधिकृत किया गया है। ऐसे मामलों में कर बकाया से संबंधित की अचल संपत्ति को कुर्क किया जाकर एवं विक्रय किया जाकर वसूली की जानी है। जिन मामलों में ऐसी अचल संपत्ति करारोपण अधिकारी के क्षेत्राधिकार से बाहर अवस्थित है उनमें वह कराधान अधिकारी संबंधित जिला परिवहन अधिकारी जिसके क्षेत्र में अचल संपत्ति है को प्रोफॉर्मा TR-I में संसुचित एवं कार्यवाही हेतु प्रस्तुत करेंगे। डिफाल्टर वाहन स्वामियों के बैंक खाते की जानकारी प्राप्त कर बैंक खाता सीज कर भी वसूली की कार्यवाही की जावे। राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 तथा तत्संबंधी नियमों के अन्तर्गत अग्रसर (Proceed) किये जाने की प्रक्रिया एवं अन्य समस्त जानकारियां इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 24 / 1998 के द्वारा पूर्व में भी जारी किये गये थे, जिनका अवलोकन किया जाकर कार्य योजना तैयार करावें।

बकाया राजस्व राशि की उत्तरोत्तर वृद्धि कराधान अधिकारियों की गैर कार्यकुशलता एवं पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की अनदेखी का घोतक है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके क्षेत्र / जिले में विशेष अभियान चलाकर दिनांक 31.03.2011 से पूर्व की बकाया राजस्व राशि का 25 प्रतिशत की वसूली चालू वित्तीय वर्ष में करना सुनिश्चित करें साथ ही वर्ष 2012–13 से 2014–15 तक की बकाया राशि संबंधित वाहन स्वामियों से दिनांक 31.01.2016 तक शत प्रतिशत वसूल की जावे। इसके लिए परिवहन अधिकारियों / निरीक्षकों / उप निरीक्षकों के लक्ष्य निर्धारित किये जावें।

यहां यह भी उल्लेखित करना उचित होगा कि राजस्थान मोटरयान कराधान अधिनियम, 1951 के अन्तर्गत डिफाल्टर वाहन स्वामियों की कृषि भूमि संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिये राजस्व विभाग की 'अपना खाता' वेबसाईट को देखकर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है तथा प्राप्त जानकारी के अनुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु अग्रसर (Proceed) किया जा सकता है।

यदि किसी वाहन से बकाया राशि वसूली पर किसी सक्षम न्यायालय द्वारा रोक लगाई गई हो तो न्यायालय के आदेश की प्रति भिजवाते हुए कार्यालय द्वारा रोक हटवाने के लिए की गई कार्यवाही का विवरण तथा न्यायालय द्वारा प्रकरण में निर्धारित आगामी तिथि की जानकारी दी जावे। यदि किसी राशि की वसूली के क्रम में वाहन सीज किया गया हो, तो उसको अधिकतम 90 दिवस में नियमानुसार नीलाम कर राशि वसूल कराई जावे।

सभी प्रयासों के बाद भी यदि किसी वाहन से संबंधित बकाया राशि अब वसूल किया जाना संभव नहीं हो, तो कार्यालय आदेश संख्या 37/2004 दिनांक 16.03.2004 के निर्देशानुसार इसकी अपलेखन की कार्यवाही भी की जावे। सचिव/अतिरिक्त सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकारगण को निर्देशित किया जाता है कि समस्त परिवहन यानों के परमिट जारी करने से पूर्व वाहन स्वामी के बैंक खातों के एवं अन्य चल/अचल संपत्ति के विवरण साक्ष्यों सहित प्राप्त कर उनका संधारण करेंगे।

सभी प्रादेशिक परिवहन अधिकारीगण मासिक बैठकों में इस राशि की वसूली कार्य को भी विस्तार से वाहनवार समीक्षा कर कार्य में गति लायेगें एवं तय लक्ष्यों के अनुरूप वसूली नही करने वाले अधिकारियों/निरीक्षकों/कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के प्रस्ताव मुख्यालय को भिजवायेंगे। उक्त आदेशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जावे।

(गायत्री राठौड़)
परिवहन आयुक्त एवं
शासन सचिव

क्रमांक :– एफ.6 (221)/परि/कर/मु./2003/ जयपुर, दिनांक :–

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ प्रेषित है।

1. निजी सचिव, परिवहन आयुक्त एवं शासन सचिव।
2. समस्त मुख्यालय अधिकारीगण।
3. समस्त अपर परिवहन आयुक्त।
4. समस्त प्रादेशिक/अति. प्रादेशिक परिवहन अधिकारी।
5. समस्त जिला परिवहन अधिकारी।
6. श्री संजय सिंघल, एसीपी को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड़ करने हेतु।
7. रक्षित पत्रावली।

अपर परिवहन आयुक्त (कर)

